तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 30 मई 2026

13 सुशासन तिहार के दौरान 25 करोड़ के विकास...



13 नागरिक प्रथम की भावना से संचालित सीएम हेल्पलाइन...





## ‘चमत्कारी’ सिक्के को विदेश में 100 करोड़ में बेचने का दिया झांसा व किसान से ठगे 30 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला कांकेर में चमत्कारी सिक्के के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। राम, सीता और लक्ष्मण की तस्वीर वाले कथित चांवल खींचने वाले सिक्के को विदेश में करोड़ों रुपये में बेचने का लालच देकर चार आरोपियों ने एक ग्रामीण से 30 हजार रुपये की ठगी कर ली। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कामतेड़ा थाना कोयलीबेडा निवासी 55 वर्षीय राजू राम कुमेटी को कुछ दिन पहले एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम अविनाश तिवारी बताते हुए कहा कि उसके पास राम, सीता और लक्ष्मण की आकृति वाला विशेष सिक्का है, जिसे विदेश में 100 करोड़ रुपये में बेचा जाएगा। आरोपी ने बताया कि सिक्का खरीदने के लिए 25 लाख रुपये की जरूरत है, जिसमें 22 लाख रुपये वह स्वयं लगाएगा और 3 लाख रुपये राजू राम को लगाने होंगे। इसके बाद भारी मुनाफे का लालच देकर रकम बांटने की बात कही गई। आरोपी की बातों में आकर राजूराम ने अपने परिचितों को भी इसकी जानकारी दी। 26 मई 2026 को अविनाश तिवारी ने राजूराम को कांकेर के सिंगारभाठ स्थित कृषि विज्ञान केंद्र तिराहा में मिलने बुलाया, वहां आरोपी अपने तीन साथियों के साथ कार और मोटरसाइकिल से पहुंचा। आरोपियों ने चार सिक्के दिखाए, जिनमें भगवान श्रीराम दरबार और ऊँ अंकित था। आरोपियों ने सिक्कों से चावल के दाने चिपकाकर दिखाए, जिससे पीड़ित उनके झांसे में आ गया। राजूराम ने आरोपियों को बताया कि उसके पास फिलहाल केवल 30 हजार रुपये ही हैं। इस पर आरोपियों ने बाकी रकम बाद में देने की बात कहकर रुपये ले लिए और बस स्टैंड चलने का बहाना बनाकर फरार हो गए। बाद में मोबाइल फोन भी बंद मिला।

**राम-सीता के चित्र अंकित सिक्कों को बताया चमत्कारी**




### राज्यस्तरीय रैकेट का हो सकता है खुलासा

*शिकायतकर्ता राजूराम कुरेटी की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) एवं 61 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। यह भी चर्चा है कि इस मामले में तीन से चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया और राज्यस्तरीय रैकेट का खुलासा हो सकता है।*

## खबर संक्षेप



### मुधमक्खियों के हमले से किसान की मौत

**कांकेर।** चारामा के ग्राम जेपरा में मधुमक्खियों के हमले से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम जेपरा निवासी 34 वर्षीय किशोर राम मरकाम ने बताया कि मैं पिता प्रीतराम मरकाम के साथ खेत में आम तोड़ने गया था। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड उड़ते हुए आया और मेरे पिता प्रीतराम मरकाम पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना 26 मई की सुबह 8 बजे के आसपास है, परंतु पुलिस ने मर्ग 28 मई दोपहर 12:30 बजे को दर्ज किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**कांकेर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पद्म पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन एवं अनुशंसा आमंत्रित किए गए हैं। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देश के अनुसार दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के नाम प्रस्तावित किए जाएंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के पात्र संस्थाएं एवं व्यक्तियों से 31 मई तक भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम पलेवा निवासी 50 वर्षीय अनिल जुर्री पिता रामसाय की तालाब में 16 मई को डूब गए थे और उनका इलाज जिला अस्पताल कांकेर में चल रहा था। इलाज के दौरान 27 मई की मौत हो गई। असस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अधेड़ पेड़ से गिरा अस्पताल में मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत की कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम भीरावाही निवासी 51 वर्षीय संपतराम पटेल पिता छत्तर सिंह पटेल विगत दिनों पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका बेहतर इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 27 मई की दोपहर करीब सवा 12 बजे मृत्यु हो गई। मामले में पहले बिना नंबर मर्ग डायरी दर्ज की गई थी। बाद में डायरी को भानुप्रतापपुर थाना में भेजकर कच्चे चौकी में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**विसंगतिः सड़क, पानी और स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं स्वीकृति के इंतजार में**

## डीएमएफ की बैठक में देरी से पंचायतों का विकास थमा, प्रतिनिधियों में आक्रोश

**मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग, बैठक प्रभावित करने वालों पर कार्रवाई की उठी आवाज**

जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) की बैठक समय पर आयोजित नहीं होने से कांकेर जिले की कई पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़ गए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों में इस मुद्दे को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। प्रतिनिधियों का आरोप है कि केवल एक जनप्रतिनिधि की उदासीनता और बैठक में रुचि नहीं लेने के कारण पंचायतों से जुड़े जरूरी विकास कार्यों को स्वीकृति नहीं मिल पा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार थम गई है। इसी मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधि आंदोलन भी कर चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार डीएमएफ मद से पंचायतों में सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा और अन्य आधारभूत संरचनाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित हैं। इन कार्यों की फाइलें लंबे समय से स्वीकृति की प्रतीक्षा में अटकी हुई हैं। बैठक नहीं होने से लाखों रुपये के विकास कार्य अधर में लटक गए हैं और ग्रामीण जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि गांवों में सड़क, पानी और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन डीएमएफ बैठक नहीं होने से योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं।

उनका आरोप है कि एक जनप्रतिनिधि के कारण समय पर बैठक आयोजित नहीं हो पा रही है, जिससे सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। सूत्रों की मानें तो यह पहली बार नहीं है जब डीएमएफ बैठक में देरी हुई हो। इससे पहले भी लंबे समय तक बैठक लंबित रहने के कारण पंचायतों के कई विकास कार्य प्रभावित हुए थे। उस समय मामला समाचारों में आने और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा आवाज उठाने के बाद ही बैठक आयोजित की गई थी। अब एक बार फिर वैसी ही स्थिति बनने से पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश बढ़ गया है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि जल्द बैठक आयोजित नहीं की गई तो वे फिर से आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

**एक जनप्रतिनिधि की निष्क्रियता से लाखों के विकास कार्य अधर में**




### कई जरूरी कार्य हैं अधूरे

*पंचायत प्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि डीएमएफ जैसी महत्वपूर्ण निधि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की रीढ़ मानी जाती है, लेकिन समय पर बैठक नहीं होने से इसका लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा। इससे पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है और कई जरूरी कार्य अधूरे पड़े हैं।*

### निष्क्रियता के कारण विकास रुका

विगत समय आंदोलन कर चुके पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायतों से जुड़े जनहित के कार्यों को राजनीतिक कारणों या आपसी मतभेदों की वजह से प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि ग्रामीण जनता विकास कार्यों की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन जिम्मेदार एक जनप्रतिनिधि की निषक्रियता के कारण योजनाओं को मंजूरी नहीं मिल पा रही है।

### मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की माँग

पंचायत प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कांकेर जिले के एक जनप्रतिनिधि जो सदैव विवादो में रहते है, उनको समय-समय पर डीएमएफ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए जाएं ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न हो और ग्रामीण क्षेत्रों में रुके हुए कार्यों को जल्द मंजूरी मिल सके या सरकार को बैठक प्रभावित करने वालों को बैठक से दूर रखा जाए।

## दुर्गूकोंदल के जंगल में लगी भीषण आग, सतर्कता से टला बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

वन परिक्षेत्र दुर्गुकोंदल के जंगल में देर शाम अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। तेज गर्मी और सूखी झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे वन संपदा और वन्य जीवों पर बड़ा खतरा मंडराने लगा। आग की ऊंची-ऊंची लपटें दूर से दिखाई देने लगीं, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि समय रहते स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और वन विभाग की मुस्तैदी से आग पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार जंगल के एक हिस्से में अचानक आग भड़क उठी थी। देखते ही देखते आग ने आसपास की सूखी घास और झाड़ियों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके से गुजर रहे पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और वन विभाग को इसकी सूचना दी।

### ग्रामीणों के सहयोग से पाया नियंत्रण

*सूचना मिलते ही वन विभाग की डिप्टी रेंजर हेमलता नरेटी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचीं। उन्होंने तत्काल हालात का जायजा लेते हुए स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से आग रोकने की रणनीति बनाई। आग को जंगल के भीतर और आगे फैलने से रोकने के लिए फायर लाइन तैयार की गई तथा सूखी झाड़ियों में लगी आग को बुझाने अभियान चलाया गया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो जंगल के बड़े हिस्से को भारी नुकसान हो सकता था। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और सहयोगियों की तत्परता की प्रशंसा करते हुए इसे बड़ी राहत बताया है।*

## डीजल की पूछताछ पर माइंस चालक से की मारपीट, विवेचना के बाद कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रावघाट माइंस क्षेत्र में एक ड्राइवर के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। डीजल को लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने चालक के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी नागेन्द्र कुमार साहु पिता रूपलाल साहु उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम बांसीन (कुरदी) थाना अर्जुंदा जिला बालोद, वर्तमान में रावघाट माइंस थाना रावघाट जिला कांकेर में वाहन चालक का कार्य करता है। शिकायतकर्ता ने थाना अंतागढ़ में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि 28 मई गुरुवार को लगभग दोपहर 12 बजे वह कुहचे रेक पाइंट के पास मौजूद था। इसी दौरान उसने मोनू सरदार से डीजल के संबंध में सामान्य पूछताछ किया कि डीजल कहां से लाए और क्या डीजल मिल रहा है। आरोप है कि इतना पूछते ही मोनू सरदार भड़क गया और अश्लील गाली-गलौज करते हुए शिकायतकर्ता को दलाल कहकर अपमानित करने लगा। इसके बाद आरोपी ने उसका कॉलर पकड़ लिया और हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना में शिकायतकर्ता के सिर और चेहरे में चोट व दर्द होने की बात कही गई है।



▶▶| शेष पेज 12 पर

### मतदान दिवस पर अवकाश घोषित

**कांकेर।** नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में उप निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए 01 जून 2026 दिन-सोमवार को मतदान की तिथि निर्धारित है। उक्त नियत मतदान तिथि को छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं, ऐसे नियोजित, कार्यरत संबंधितों को उनके गृह ग्राम अथवा शहर में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। साथ ही ऐसे कारखानों जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान की सुविधा दी जाएगी। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारी चाहे वे दैनिक वेतन भोगी या आकस्मिक श्रमिक हों, उन्हें अवकाश प्रदान किया जाएगा।

## घरेलू विवाद थाने पहुंचा, भांजे और फूफा ने एक दूसरे पर लगाया हिंसा का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा में पारिवारिक विवाद अब थाने तक पहुंच गया है। एक ओर 67 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी पत्नी और उसके भतीजे पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है, वहीं दूसरी ओर भतीजे ने अपने फूफा पर गाली-गलौज, घरेलू हिंसा और डंडे से डराने-धमकाने की शिकायत दर्ज कराई है।

दोनों पक्षों की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चारामा में पारिवारिक विवाद ने अब कानूनी रूप ले लिया है। सदर बाजार चारामा निवासी 67 वर्षीय हरिशंकर मेहता ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि 28 मई की शाम करीब लगभग साढ़े पांच बजे उनकी पत्नी चंपू बाई मेहता और उसका भतीजा हेमप्रकाश शर्मा उनके घर पहुंचे और अभद्र गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हेमप्रकाश शर्मा ने उन्हें थप्पड़ मार दिया, जिससे वे नीचे गिर पड़े। शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए संपत्ति अपने नाम कराने की बात भी कही। शिकायतकर्ता ने आवेदन में बताया कि घटना के दौरान शोर सुनकर पड़ोसी नवीन पटेल और हुमन खतरी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




इस मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आते हुए शिकायतकर्ता ग्राम कुरना निवासी हेमप्रकाश शर्मा पिता तोरण शर्मा ने चारामा थाने में आवेदन देकर अपने फूफा हरिश मेहता पर गाली-गलौज, धमकी और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार हेमप्रकाश अपनी बुआ चम्पु मेहता को गर्मी की छुट्टियों में मायके ले जाने चारामा स्थित उनके घर पहुंचे थे। इसी दौरान हरीश मेहता ने कथित रूप से मां-बहन की गंदी गालियां देते हुए डंडा लेकर उन्हें घर से भगाने का प्रयास किया।

▶▶| शेष पेज 12 पर

**सात सूत्रीय मांगों को लेकर तीसरे दिन भी कोयलीबेड़ा रहा बंद**

## तालाबंदी के दौरान जनपद कार्यालय में घुसी भीड़, पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में सात सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन अब उग्र रूप लेता जा रहा है। आंदोलन के तीसरे दिन ग्रामीणों ने महाबंद और चक्का जामकर प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बंद कमरे में बैठे थे, ग्रामीण घुसने का प्रयास किया परंतु पुलिस से धक्कामुक्की हो गई। धरना स्थल पर पहुँचे अधिकारियों से बातचीत का परिणाम बेनतीजा रहा।

कोयलीबेड़ा के व्यापारी संघ ने भी आंदोलन को खुला समर्थन देते हुए अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखा, वहीं साप्ताहिक बाजार भी पूरी तरह बंद रहा। पूरे क्षेत्र में आवागमन ठप पड़ गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सुबह से ही आंदोलन स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। मंच से विभिन्न वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से क्षेत्र की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक मांगों का ठोस समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सभा के बाद आंदोलनकारियों ने तालाबंदी रैली निकाली। रैली जनपद पंचायत और खंड शिक्षा कार्यालय की ओर बढ़ी, जहां पहले से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस ने रस्सी लगाकर बैरिकेडिंग की और भीड़ को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आंदोलनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और भीड़ धक्का-मुक्की करते हुए जनपद पंचायत कार्यालय के अंदर घुस गई।



▶▶| शेष पेज 12 पर

### दस वर्षों से यही बात सुनते आ रहे

*अंतागढ़ एडीएम अंजोर सिंह पैकरा और पुलिस अधिकारियों का दल आंदोलन स्थल पहुंचा और ग्रामीण प्रतिनिधियों के साथ चर्चा शुरू की। अधिकारियों ने मांगपत्र के विभिन्न बिंदुओं पर बातचीत करते हुए समाधान निकालने का प्रयास किया। लेकिन चर्चा के दौरान अधिकारियों द्वारा दो दिन कार्यालय कोयलीबेड़ा में लगेगा और अन्य दिन पखांजूर लगेगा जैसे पुराने आश्वासन दोहराने पर ग्रामीण भड़क उठे। आंदोलनकारी नेताओं ने कहा कि पिछले दस वर्षों से यही बातें सुनाई जा रही हैं, लेकिन आज तक किसी मांग का स्थायी समाधान नहीं हुआ।*

### अफसरों से चर्चा रही बेनतीजा

*चर्चा बेनतीजा रहने के बाद ग्रामीण प्रतिनिधियों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक उनकी सात सूत्रीय मांगों पर लिखित और ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक चक्का जाम और आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन के कारण पूरे क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित रहा और प्रशासन की चिंता भी बढ़ गई है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन आंदोलनकारियों की मांगों पर क्या कदम उठाता है और यह आंदोलन आगे किस दिशा में बढ़ता है।*

## मंडी के पास दबिश, 15 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ लिया। मुखबिर की सूचना पर धान मंडी के पास दबिश देकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 पौवा देशी प्लेन शराब और नगदी जब्त की। कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

चारामा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना चारामा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक टीकम सोने 29 मई को महिला प्रधान आरक्षक सुमित गोटी के साथ जुर्म-जरायम पतासाजी के लिए ग्राम जैसाकर्रा की ओर रवाना हुए थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जबरनपारा चारामा निवासी दिलीप देवांगन धान मंडी के पास लाल-सफेद कपड़े के थैले में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गवाहों की मौजूदगी में घेराबंदी कर आरोपी दिलीप देवांगन को पकड़ लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 15 नग देशी प्लेन शोले शराब बरामद की गई।




▶▶| शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

### नन्हे सितारों का आज होगा सम्मान

**कांकेर।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग कांकेर द्वारा नन्हे सितारे फन एंड लर्न समर कैंप 2026 के अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन 30 मई शनिवार को किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से शहीद रामकुमार यादव कन्या विद्यालय परिसर कांकेर में आयोजित होगा। समारोह में समर कैंप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा तथा बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहेंगे।

### 20 हितग्राहियों को मिली पीएम आवास की चाबी



**कोण्डागांव।** बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत माकड़ी में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष बैशाखु कोर्राम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाबी तथा 07 हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। वहीं खाद्य विभाग ने 16 राशन कार्ड वितरित किए। कृषि विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को बीज तथा 07 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा 40 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा 14 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# विधायक ने टॉपर बिटिया की बात मानी, घर तक बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

सीमित संसाधनों एवं कठिन परिस्थितियों के बावजूद संघर्ष के बीच दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत के बदौलत अपने लक्ष्य अर्जित करके अपने परिवार, गांव सहित कोंडागांव जिले तथा पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने वाली केशकाल तहसील के ग्राम आंवरी की प्रतिभाशाली बेटी कृतिका को अब अपने घर से बाहर जाने आने के लिए कच्चे कीचड़युक्त रास्ते पर से चलना नहीं पड़ेगा। क्योंकि अब बहुत जल्दी ही उसके घर तक पक्का कांक्रीट सड़क बन जाएगी, जिसका फायदा घर, परिवार और गांववालों को भी मिलेगा। ज्ञात हो कि केशकाल ब्लाक के ग्राम आंवरी कछारपारा की

## देशभर के एकलव्य आवासीय विद्यालय में अव्वल आने वाली कृतिका ने रखी थी मांग

### कच्चे रास्ते को पक्का बनाने की मांग रखी

विधायक के समक्ष कृतिका टेकाम ने अपने घर आने जाने के कच्चे रास्ते को पक्का बनवा देने की मांग रखी थी, जिस पर विधायक ने पक्की सड़क बनवा देने का भरोसा कृतिका को दिया था। विधायक ने कृतिका को दिये वचन को पूरा करने सड़क निर्माण की स्वीकृति के लिए अग्रिम कार्रवाई आरंभ की। महज 24दिन के भीतर नियमानुसार समस्त औपचारिकता पूर्ण करके 27 मई जनपद पंचायत द्वारा पक्की कांक्रीट सड़क बनाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का आदेश जारी कर दिया गया।



### वर्षा ऋतु आरंभ होने के पूर्व बनाने की तैयारी

वर्षा ऋतु आरंभ होने के पूर्व प्राथमिकता के आधार पर कांक्रीट सड़क बनवाकर कृतिका टेकाम की मांग पूरा करने की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है। कार्य स्वीकृत हो जाने और जल्दी ही सड़क बनने की जानकारी मिलने पर कृतिका ने और उसके गांव वालों ने खुशी जाहिर करते विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### गांववाले बेटी को दे रहे आशीर्वाद

आदिवासी अंचल के छात्र छात्राओं के लिए नई उम्मीद और प्रेरणा श्रोत बनने वाली बिटिया कृतिका टेकाम ने अपने गांव का मान सम्मान बढ़ाते गांव वालों को पक्की सड़क का भी सौगात प्रदान करा दिया है। जिस पर गांव वाले गर्व की अनुभूति करते बिटिया कृतिका को बधाई देते अपना आशीष प्रदान कर रहे हैं।

बिटिया कृतिका टेकाम ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके देशभर के 801 एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव अर्जित किया। कृतिका की इस उपलब्धि पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम 3 मई को उसके घर पहुंचकर बधाई देते उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद प्रदान किया।

## जनजागरुकता : ग्राम हसलनार में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

# ग्रामीणों को न्यायिक अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ महिला अधिकार और साइबर अपराध के बारे में भी बताया

ग्राम पंचायत हसलनार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने ग्रामीणों को न्यायिक अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का अधिकार है तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। शिविर में महिला अधिकार, बाल संरक्षण कानून, घरेलू हिंसा से संरक्षण, साइबर अपराध से बचाव, श्रम कानून एवं लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी मर्दापाल सुशील पटेल, अधिकार मित्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।






### बच्चों को पॉक्सो और मोटर दुर्घटना कानून की जानकारी

*जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री प्रतिभा मरकाम ने बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो तथा मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।*

### निःशुल्क विधिक सहायता के लिए किया जागरूक

*सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय ने बताया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। शिविर में उपस्थित लोगों को नशामुक्ति, बाल विवाह निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार तथा संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध में भी जागरूक किया गया।*

# माचपल्ली के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के आदेशानुसार एसडीएम पखांजूर मनीष देव साहू द्वारा छोटेबेठिया थाना अंतर्गत ग्राम माचपल्ली के जंगल पहाड़ी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ घटना की दण्डाधिकारी जांच प्रारंभ कर दी गई है। उनके द्वारा विभिन्न 12 बिन्दुओं-घटना की पृष्ठभूमि, घटना में शामिल सशस्त्र बलों का सर्चिंग अभियान के लिए विभागीय आदेशों एवं निर्देशों का विवरण 13 अप्रैल 2026 की घटना क्या वास्तव में सशस्त्र नक्सलियों द्वारा पूर्व नियोजित और षड्यंत्रकारी घटना थी, मृतक माओवादी नक्सली की मृत्यु कैसे हुई।

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान, परिचय एवं अपराध वृतांत आदि का विवरण। मृतिका के पोस्ट मार्टम में पाए गए मौत का आधारभूत कारक, कारण एवं चिकित्सकीय अभिमत। घटना एवं मुठभेड में पुलिस बल, आम नागरिकों के हताहतों अथवा अन्य जन-धन-बल की हानि का विवरण। मौका मुआयना, सर्चिंग व घटना स्थल निरीक्षण के दौरान पाये गये जप्त सामग्री का विवरण। पुलिस नक्सली मुठभेड़ के सबंध में आसपास के ग्रामीणों का कथन साक्ष्य, गवाही, अभिमत।

पुलिस थाना में दर्ज की गई एफआईआर, पुलिस विवेचना व अभिमत और सुसंगत धाराओं का विवरण। जांच अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति, सूचना, समन्स आदि का विवरण एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी जो घटना के लिए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण हो जिसका उल्लेख आवश्यक हो इत्यादि बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। उपरोक्त जांच बिन्दु पर यदि किसी व्यक्ति के पास लिखित या मौखिक जानकारी हो तो वे अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर के न्यायालय में 02 जून तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जानकारी प्रस्तत कर सकते हैं।

# जूगानीकलार में लगी एग्री स्टैक पर रात्रि चौपाल, किसानों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ एसडीएम व कृषि अफसरों ने किया संवाद

ब्लाक के ग्राम जूगानीकलार में एग्री स्टैक के संबंध में गुरुवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम अशवन कुमार पुसाम ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ किसानों से संवाद कर उन्हें एग्री स्टैक योजना की जानकारी दी। उन्होंने सभी कृषकों को अनिवार्य रूप से एग्री स्टैक पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने चौपाल में किसानों को बताया गया कि एग्री स्टैक भारत सरकार की डिजिटल कृषि पहल है, जिसके तहत किसानों को एक विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। इससे भूमि रिकॉर्ड, फसल विवरण और कृषि संबंधी जानकारी डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगी तथा किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। किसानों को यह भी जानकारी दी गई कि वे स्वयं ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर , अटल सेवा केंद्र या कृषि विभाग की सहायता से अपना पंजीयन करा सकते हैं।



# बकरी, मुर्गीपालन व सूरजमुखी की खेती से महिलाओं को मिली आर्थिक समृद्धि

**कांकेर।** जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए थोड़ी मदद और सही दिशा में आगे बढ़ने की ललक होना बहुत आवश्यक है। महिलाओं में यह परिवर्तन समूह से जुड़ाव के बाद देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह में गठित महिलाओं को सही दिशा और दशा की ओर ले जा रहा है। विभिन्न व्यवसायों के माध्यम से समूह की महिलाएं आज लखपति दीदी बन गई हैं।

जिले के भानुप्रतापपुर के ग्राम हाटकर्रा के मां दुर्गा स्वसहायता समूह की मोतिन दर्रो भी बकरीपालन, मुर्गीपालन और सूरजमुखी की खेती करके लखपति दीदियों की सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। जिला मुख्यालय से 26 किमी दूर ग्राम हाटकर्रा का मां दुर्गा स्वसहायता समूह की महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक रूप से अपनी पृथक पहचान स्थापित कर ली हैं। समूह की सदस्य मोतिन दर्रो ने बताया कि समूह में जुड़ने से पहले उनके आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी, थोड़े पैसों के लिए परिवार और अन्य लोगों पर आश्रित होना पड़ता था। बिहान योजना के बारे में पता चलने पर गांव की 10 महिलाओं सहित वह समूह से जुड़ गईं। मोतिन ने बताया कि समूह से जुड़ने के बाद नियमित रूप से बैठक कर बचत शुरू किया और बचत की राशि से परस्पर लेनदेन करना प्रारंभ किया। वहीं आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़ने के लिए बैंक से 02 लाख रूपए की राशि ऋण के रूप में प्राप्त हुई। इसके बाद बीपीएम, पीआरपी आदि के मार्गदर्शन में कृषि कार्य (सब्जी उत्पादन), कपड़े का व्यवसाय, ईंट निर्माण आदि कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पश्चात वह पीछे मुड़कर नहीं देखी और ठोस आजीविका के रूप में बकरीपालन, मुर्गीपालन और सूरजमुखी की खेती शुरू की। इससे उन्हें 01 लाख 30 हजार रूपए की वार्षिक आमदनी होने लगी।

# नाबालिग की हत्या का खुलासा वर्षो बाद आरोप, अपचारी बालक गिरफ्त में

■ डीएनए जांच और पुलिस विवेचना से सामने आई सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व हुई नाबालिग बालिका की संदिग्ध आत्महत्या और दुष्कर्म मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया है। लंबे समय तक जांच और डीएनए परीक्षण के बाद सामने आए इस मामले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल 2023 को ग्राम माड़ पखांजूर निवासी नाबालिग बालिका द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किए जाने के बाद उसे उपचार के लिए कोमलदेव अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। मामले में थाना कांकेर में मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही की गई। पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टरों को बालिका के गर्भ में भ्रूण मिला, जिसे सुरक्षित रखकर डीएनए परीक्षण कराया गया। मर्ग जांच के बाद थाना छोटेबेठिया में अपराध क्रमांक 03/2025 धारा 376 (2) (आई) भादवि एवं 4 (2) पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर राकेश कुर्रे एवं एसडीओपी रवि कुजूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रमन उसेण्डी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तथा ग्रामीणों को विश्वास में लेकर मामले की गहराई से जांच की। विवेचना में सामने आया कि मृतिका और विधि से संघर्षरत बालक के बीच प्रेम-प्रसंग था तथा दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनने से बालिका गर्भवती हो गई थी। लोकलाज के भय से नाबालिग द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करना पाया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी बालक ने ग्रामीणों के समक्ष अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत पुलिस अभिरक्षा में लेकर माननीय किशोर न्याय बोर्ड कांकेर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
### पैरामेडिकल संस्थान, लंजोड़ा कोण्डागांव (छ.ग.) 494229

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नारायणपुर | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| बीजापुर | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोण्डागांव | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कांकेर | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| दन्तेवाड़ा | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सुकमा | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत:-** अनु. जनजाति 40%, अनु. जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1.आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. **जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में 12 वीं उत्तीर्ण हुए है वह अपने रिजल्ट की ऑनलाईन कॉपी लगाकर आवेदन कर सकते है।**
3. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 4. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे। 5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है। 6. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध/ गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावे में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 15.06.2026 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 25.06.2026 तक ।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप

**प्रति,**
**संचालक**
पैरामेडिकल **संस्थान, मेन रोड, लंजोड़ा जिला - कोण्डागांव (छ.ग.) 494229**

महोदय

.................................................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम .................................... 2. पिता/पति ....................................
3. जन्म तिथि अंकों में ...................... 4. वर्ग- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता-ग्राम ...................... पोस्ट ...................... तहसील ......................
थाना ...................... जिला ...................... पिन कोड ☐
मो.नं. 1 ...................... मो.नं. 2 ...................... वाट्सअप नं. ......................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 321781 कोण्डागांव (छ.ग.)**


**पेज 11 के शेष**

### डीजल की पूछताछ ...

घटना के दौरान मौके पर मौजूद राजकुमार राजपूत और सत्यवान साहु ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। शिकायतकर्ता द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 115(2), 296, 351 (2) आईपीसी के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### घरेलू विवाद थाने ...

शिकायतकर्ता ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि चम्पु मेहता के साथ लंबे समय से घरेलू हिंसा की घटनाएं हो रही हैं, जिसकी शिकायत पूर्व में भी थाने में की जा चुकी है। उन्होंने बिरेन्द्र मेहता और वंदना मेहता पर भी गाली-गलौज में सहयोग करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों की ओर से शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद मामला काउंटर केस के रूप में सामने आया है। फिलहाल चारामा थाना पुलिस दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तालाबंदी के दौरान ...

इस दौरान कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी हुई। कुछ समय के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयम बरतते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में आंदोलनकारी पुनः चक्का जाम स्थल पर लौट आए, जहां सभा का दौर फिर शुरू हुआ। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन हर बार केवल आश्वासन देकर आंदोलन खत्म कराने की कोशिश करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

### मंडी के पास दबिश, ...

प्रत्येक पौवा 180 एमएल का था। कुल 2 लीटर 700 मिलीलीटर शराब की कीमत लगभग 1200 रुपये बताई गई है। इसके अलावा शराब बिक्री की 200 रुपये नगद रकम भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दी गई। मामला जमानती होने के कारण आरोपी को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया तथा मामले को विवेचना में लिया है।

# पीओएस मशीन अप टू डेट खाद वितरण निर्बाध जारी

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कांकेर

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर सहकारी समितियों में कर्मचारियों की मनमानी के संबंध में जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उप संचालक जितेन्द्र कोमरा ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोयलीबेड़ा में 06 कर्मचारी पदस्थ हैं, इनमें से 25 मई को कार्यालय में 03 कर्मचारी उपस्थित रहे। समिति प्रबंधक सुबरन सिंह नाग कोयलीबेड़ा समिति के अतिरिक्त चारगांव समिति के भी प्रभार पर हैं।

चारगांव समिति का पीओएस मशीन खराब होने के कारण नया पीओएस मशीन लेने के लिए वे उक्त दिवस को रायपुर जाने के कारण कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। कार्यालय में 02 लिपिक शोभीराम आंचले और अश्वन कुमार पटेल पदस्थ हैं, शोभीराम आंचले अवकाश पर थे, जिनका आवेदन उनके द्वारा दिया गया था। लिपिक अश्वन कुमार की पत्नी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने एवं चिकित्सा उपचार के कारण वे कार्यालय में लगभग 11.30 बजे उपस्थित हुए। सहकारी समिति में पदस्थ ऑपरेटर देवंतीन बघेल कार्यालय में उपस्थित थीं। ऑपरेटर विपिन कुमार उसेण्डी 25 मई को समिति प्रबंधकों की बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर में उपस्थित होने के कारण कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। उपरोक्त कारणों से तीन कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए।

कार्यालय में पदस्थ चतुर्थ कर्मचारी उपस्थित था। उप संचालक कृषि ने बताया कि 25 मई सोमवार को ऑनलाइन सोसायटी माड्यूल में उर्वरक का स्टॉक प्रदर्शित नहीं होने के कारण उर्वरक का वितरण नहीं किया जा सका। पीओएस मशीन से रजिस्ट्रेशन नंबर डालने के बाद आगे प्रोसेस नहीं होने के कारण उर्वरक का वितरण नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि 26 मई से पीओएस मशीन सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और किसानों को उर्वरक का वितरण किया जा रहा है।

### स्केटिंग से भारत भ्रमण पर निकला यूपी का युवा पहुंचा फरसगांव

**फरसगांव।** उत्तरप्रदेश के गोरखपुर निवासी मुन्नार निषाद स्केटिंग के माध्यम से देश के 30 राज्यों के भ्रमण पर निकले हैं। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। बुधवार को फरसगांव पहुंचने के बाद उन्होंने रेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया और गुरुवार को बड़ेडोंगर पहुंचकर मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत भी किया गया। थोड़ी तभीबत खराब होने से शुक्रवार को फरसगांव विश्रामगृह में रुक गए। शनिवार को सुबह केशकाल के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि अब तक वे गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, केरला, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कई राज्यों की यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनकी यह यात्रा केवल साहसिक अभियान नहीं बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा भी है। वे देश के 12 ज्योतिर्लिंग, चारधाम और 20 शक्तिपीठों के दर्शन करने के संकल्प के साथ यात्रा कर रहे हैं। साथ ही जहां भी जाते हैं, वहां की संस्कृति, परंपरा, खानपान और लोगों की जीवनशैली को करीब से जानने का प्रयास करते हैं।

# सुशासन तिहार के दौरान 25 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के बास्तानार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत किलेपाल में इमली पेड़ के नीचे आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के साथ विकास और जनकल्याण की नई सौगात दी गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक विनायक गोयल ने प्रधानमंत्री जनकल्याण एवं अन्य विकास योजनाओं के अंतर्गत कुल 2507.33 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के 15 पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों की शिकायतें एवं मांगों का त्वरित निराकरण किया गया। अधिकारियों ने लोगों को शासन की योजनाओं, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। दिव्यांग बच्चों को ट्राई सायकल वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सहायता प्रदान की गई। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए, जिससे वे कृषि कार्यों के लिए आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। वनाधिकार कानून के तहत पात्र हितग्राहियों को वन भूमि पट्टा प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को नए आवास की चाबी सौंपकर उनके अपने घर का सपना पूरा किया गया।

विभिन्न विभागों द्वारा अन्य हितग्राही सामग्रियों का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने शासन द्वारा गांव स्तर पर आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहले छोटी-छोटी समस्याओं के लिए उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब गांव में ही समाधान मिलने से समय और संसाधनों की बचत हो रही है।इस दौरान स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, खाद्य, वन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों को दी। अधिकारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

सुशासन तिहार कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, विनोद कुहरामी, जनपद सदस्य निलम पोयाम, जिला मंत्री नारायण ठाकुर, संतोष ठाकुर, विमल पाण्डेय, बामन वेट्टी, कोसाराम पोयाम, अर्जुन पोयाम, सोनुराम मुचाकी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता



### समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाए

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि जनता और शासन के बीच विश्वास और संवाद का मजबूत माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### एकल उपयोग प्लास्टिक पर रोक के लिए जागरूकता कार्यक्रम



**दंतेवाड़ा।** विशेष स्वच्छता अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध एवं उपयोग कम करें विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, स्वच्छता दीदियों, युवाओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को एकल उपयोग प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। बताया गया कि प्लास्टिक कचरा भूमि, जल स्रोतों एवं पशुओं के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसके उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्वच्छता टीम ने ग्रामीणों से प्लास्टिक कैरी बैग, प्लास्टिक कप, प्लेट एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग कम करने की अपील की गई।

### व्हीलचेयर पाकर खिले मासूमों के चेहरे



**दंतेवाड़ा।** जिले ग्राम हितामेटा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में ग्राम कोरकोटी के दो दिव्यांग बच्चों के परिवारजनों द्वारा सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन द्वारा अस्थि बाधित दिव्यांग बच्ची जुलगो मुचाकी, पिता बुटलू मुचाकी तथा अस्थि बाधित दिव्यांग बालक नारसू पोयाम पिता आयतू राम पोयाम को एक-एक व्हीलचेयर प्रदान की गई। व्हीलचेयर मिलने से दोनों बच्चों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिली है। अब बच्चों को दैनिक गतिविधियों, स्कूल आने-जाने तथा अन्य आवश्यक कार्यों में सुविधा मिल सकेगी।

### सीएम हेल्पलाइन संचालन के लिए प्रशिक्षण आज

**दंतेवाड़ा।** छग शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा आमजन से प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु शीघ्र ही सीएम हेल्पलाइन योजना प्रारंभ की जा रही है। इसके क्रियान्वयन के लिए जिला एवं विखं स्तर पर नामांकित अधिकारियों को 1 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राकेश कुमार गोल्छा विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, सुशासन एवं अभिसरण विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कार्यालय के सभागार में शनिवार को 10:30 बजे अधिकारियों को ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं।

## जनशिकायतों के त्वरित समाधान की दिशा में बड़ा कदम

# नागरिक प्रथम की भावना से संचालित सीएम हेल्पलाइन अभिनव पहल : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

शासकीय सेवाओं व योजनाओं से संबंधित आमजन की शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विकसित सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बीजापुर में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ सीएम हेल्पलाइन योजना पर जिला व विखं स्तरीय अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण





कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर विश्वदीप एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे उपस्थित रहीं। वहीं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन जोड़ा गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को शिकायत प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली, समयबद्ध निराकरण और तकनीकी मॉनिटरिंग व्यवस्था से अवगत कराना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सुशासन आधारित व्यवस्था के तहत एक मजबूत, जवाबदेह और प्रतिक्रिया आधारित फ्रेमवर्क तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और पारदर्शी निराकरण संभव हो सके। उन्होंने कहा कि नागरिक प्रथम की भावना से संचालित यह अभिनव पहल शासन और आम जनता के बीच संवाद को और मजबूत बनाएगी। इससे लोगों को अपनी समस्याएं सीधे शासन तक पहुंचाने की सुविधा मिलेगी तथा प्रशासनिक सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान बताए जा रहे बिंदुओं को गंभीरता से समझने और मैदानी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तर से गठित अधिकारियों के प्रशिक्षण दल के प्रमुख एवं सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सलाहकार आरके शर्मा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन के प्रावधानों, संचालन प्रणाली तथा शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि शिकायतों के निपटारे में तकनीकी दक्षता और संवेदनशीलता दोनों आवश्यक है ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। वहीं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन प्रणाली को जनहित में प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।

### शिकायत की पूरी स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे

आईटी मैनेजर सौरभ श्रीकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप तथा व्हाट्सएप जैसे आधुनिक मल्टी चैनल माध्यमों से 24×7 अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा। शिकायत दर्ज होते ही शिकायतकर्ता को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिसके माध्यम से वह अपनी शिकायत की पूरी स्थिति ऑनलाइन देख सकेगा।
उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता यह भी जान सकेगा कि उसकी शिकायत किस विभाग में लंबित है, किस अधिकारी के पास प्रकरण विचाराधीन है तथा समाधान में कितना समय लग सकता है।
शिकायत दर्ज होते ही मामला संबंधित विभाग और अधिकारी तक तत्काल पहुंच जाएगा। पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ी होगी, जिससे प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय होगी और शिकायतों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना समाप्त होगी।

# तेज आंधी से गीदम में तबाही

## मां शंखिनी महिला उत्थान केंद्र हीरानार क्षतिग्रस्त





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

गुरुवार शाम गीदम क्षेत्र में आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। गीदम ब्लॉक के दर्जनों पंचायतों में आम लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा है।

कई कच्चे-पक्के मकानों की सीमेंट शीट वाली छतें उड़ गईं, दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और लोगों का घरेलू सामान भीगकर खराब हो गया। तेज आंधी के कारण कई जगह पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे आवागमन बाधित हुआ। वहीं बिजली के तार व खंभे टूटने से पूरे इलाके की आपूर्ति ठप हो गई। देर रात तक दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे रहे।

इस प्राकृतिक आपदा में हीरानार स्थित मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। केंद्र की संचालक डॉ बुधरी ताती ने बताया कि शाम करीब 4 बजे अचानक आई तेज हवा से आश्रम भवन की छत में लगी सीमेंट शीट उड़ गई। हॉल, रसोई और शयन कक्ष में पानी भर गया। उन्होंने प्रशासन से तत्काल मरम्मत व सहायता की मांग की है।

# करेंगुट्टा की वादियों में गूंजा विकास का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

जिले के उसूर विकासखंड में विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु कलेक्टर विश्वदीप एवं

■ कलेक्टर और सीईओ ने किया उसूर क्षेत्र का निरीक्षण



जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने पामेड़, गुण्डम कोण्डापल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कोंडापल्ली स्कूल भवन, स्थानीय बाजार स्थल, अन्य निर्माणाधीन अधोसंरचना, धर्माराम शिविर स्थल तथा करेंगुट्टा पहाड़ी का दौरा कर व्यवस्थाओं एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोंडापल्ली स्कूल भवन पहुंचकर भवन की स्थिति, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी सत्र में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। इसके पश्चात प्रशासनिक दल स्थानीय बाजार स्थल पहुंचा, जहां व्यापारिक गतिविधियों, साफ-सफाई व्यवस्था एवं आम नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने बाजार क्षेत्र को अधिक व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाने पर जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धर्माराम शिविर स्थल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां संचालित व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आमजन को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। दौरे के अंतिम चरण में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने करेंगुट्टा पहाड़ी का भ्रमण कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, विकास संभावनाओं एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक के छात्र का भेल में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक कॉलेज दंतेवाड़ा के विद्युत शाखा के यशराज साहू ने एनपीटीईएल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च स्थान प्राप्त कर संस्थान एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। साथ ही साथ उन्होंने अपनी मेहनत एवं एनएमडीसी डीएव्ही पॉलीटेक्निक

■ एनपीटीईएल परीक्षा में बढ़ाया संस्थान का गौरव

के फैकल्टीज के मार्गदर्शन में भेल बैंगलोर में चयनित हुए। उन्होंने एक सेमेस्टर में पांच कोर्स उत्तीर्ण किया, जो किसी भी छात्र द्वारा पूर्ण करना एक उपलब्धि है। कोर्स इंग्लिश लैंग्वेज फॉर कंपीटिटिव एग्ज़ाम्स कोर्स के लिए प्रतिष्ठित गोल्ड एलीट सर्टिफिकेट प्राप्त किया। संस्थान के प्राचार्य एवं शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन, अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के कारण छात्र ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। एनपीटीईएल जैसे राष्ट्रीय स्तर के ऑनलाइन पाठ्यक्रम में देशभर में शीर्ष रैंक प्राप्त करना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक उपलब्धि मानी जा रही है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के प्राचार्य, सभी फैकल्टी सदस्यों एवं स्टाफ को देते हुए कहा कि शिक्षकों द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन, मोटिवेशन एवं तकनीकी ज्ञान ने उन्हें आत्मविश्वास प्रदान किया। उन्होंने बताया कि संस्थान के सहयोग से ही उनका चयन भेल बैंगलोर जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में भी हुआ है। संस्थान के प्राचार्य ने छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# संगमपल्ली की महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का संबल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर/मद्देड़

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी रैम्प योजना के अंतर्गत जिला बीजापुर के भोपालपटनम विकासखंड स्थित संगमपल्ली क्लस्टर में हस्तशिल्प सेक्टर हेतु आयोजित तीन दिवसीय सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 28 मई को हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ते हुए उनके पारंपरिक कौशल को आर्थिक मजबूती प्रदान करना था।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन रही, जबकि कार्यक्रम का संचालन चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने किया। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगमपल्ली क्षेत्र की महिलाएं लंबे समय से पारंपरिक चूड़ी निर्माण कार्य से जुड़ी हुई हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार, आकर्षक ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग, डिजिटल मार्केटिंग, बाजार से जुड़ाव तथा एमएसएमई से संबंधित विभिन्न योजनाओं और अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान रायपुर से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े मार्केट एक्सपर्ट रोहित शर्मा एवं मार्केट स्पेशलिस्ट मुनमुन जरी ने महिलाओं को संबोधित किया। दोनों विशेषज्ञों ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, गुणवत्ता और सही मार्केटिंग रणनीति के माध्यम से गांवों में तैयार होने वाले उत्पाद भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना सकते हैं। विशेषज्ञों ने महिलाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया मार्केटिंग एवं आधुनिक बाजार व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग है। उन्होंने महिलाओं को छोटे स्तर के कार्य को संगठित व्यवसाय और आगे चलकर बड़े उद्यम के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# 400 ग्रामीणों को मिला वनाधिकार पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर





विकासखंड उसूर के ग्राम पंचायत धर्माराम में आयोजित सुशासन त्योहार अंतर्गत समाधान शिविर ग्रामीणों के लिए राहत और विश्वास का बड़ा मंच बनकर सामने आया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, जिसमें सबसे विशेष आकर्षण 400 ग्रामीणों को वनाधिकार पत्रों का वितरण रहा। वनाधिकार पत्र प्राप्त करते ही हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा तेलंम, क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच एवं एसडीएम भूपेन्द्र गावरे सीईओ जनपद पंचायत प्रभाकर चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आसपास की 10 ग्राम पंचायतों से पहुंचे ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनसमस्या निवारण शिविर में 19 विभागों ने स्टॉल लगाए थे, जहां ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों के करकमलों से विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। कृषि विभाग द्वारा 8 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं 7 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग हितग्राहियों को 1 श्रवण यंत्र, 1 कान मशीन, 4 वॉकिंग स्टिक तथा 1 बैसाखी वितरित की गई। वहीं एसबीआई आरसेटी द्वारा 10 युवाओं को राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर का सबसे महत्वपूर्ण क्षण वह रहा जब 400 ग्रामीणों को वनाधिकार पत्र वितरित किए गए। वनाधिकार पत्र मिलने से ग्रामीणों में अपने अधिकारों के प्रति भरोसा और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से प्रतीक्षित अधिकार मिलने से उनके जीवन में स्थायित्व और आत्मविश्वास बढ़ेगा। शिविर में कुल 289 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें शामिल थीं। अधिकारियों ने सभी आवेदनों के समयबद्ध निराकरण का आश्वासन दिया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कक्षा 6वीं की प्रवेश प्रक्रिया स्थगित

कांकेर। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश परीक्षा के आयोजन संबंधी आवेदन संबंधी प्रक्रिया को स्थगित करने की जानकारी देते हुए आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में संस्था इम्पैनलमेंट एवं कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु की जा रही प्रक्रिया में विलंब होने के कारण सत्र 2026-27 के लिए योजनांतर्गत प्रवेश प्रक्रिया को स्थगित किया गया है।

### प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 04 को, नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 04 जून गुरूवार को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के 4696 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी और व्याख्याता लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के लिए जिले में 20 परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिदेसर, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मिडियम मॉडल कॉलेज कांकेर, कृषि महाविद्यालय एवं रिसर्च सेंटर सिंगारभाट, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर कांकेर, डाईट कांकेर और शासकीय महिला आईटीआई कांकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, कन्या हॉस्टल हाई स्कूल सिंगारभाट, शासकीय हाई स्कूल माकड़ी, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल आतुरगांव, शासकीय हाई स्कूल शीतलापारा कांकेर, सेंट माइकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल कांकेर, पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल गढ़पिछवाड़ी और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल डुमाली को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## निधन

### हीरा सिंह कंवर

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल हानपतरी में पदस्थ व्याख्याता हीरा



सिंह कंवर का 29 मई को आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे तथा उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह नगर बिलासपुर में किया जाएगा।

### अहिल्या देवी नेताम

**बासनवाही।** ग्राम पंचायत बासनवाही के पूर्व सरपंच बीरेंद्र नेताम की पूज्यनीय माता एवं



गिरिजा नेताम की सास अहिल्या देवी नेताम का गुरुवार को निधन हो गया। शुक्रवार को गृहग्राम छापरपारा में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ग्राम खमढोड़गी ने सत्तर हजार सीड बॉल बनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्राम पंचायत कोकपुर के आश्रित ग्राम खमढोड़गी में आयोजित विशाल सीड बॉल महाअभियान एवं कार्यशाला ने यह साबित कर दिया कि यदि समाज, युवा और बच्चे एकजुट हो जाएं, तो धरती को फिर से हरा-भरा बनाया जा सकता है। गांव के छात्र-छात्राओं, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों ने मिट्टी से केवल सीड बॉल नहीं बनाई, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली, स्वच्छ वातावरण और प्रकृति संरक्षण का सपना भी गढ़ दिया।

यह महाअभियान विज्ञान संचारक कुमार मंडावी के मार्गदर्शन में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा एवं नवयुवक मंडल खमढोड़गी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। अभियान का लक्ष्य एक ही दिन में 1 लाख सीड बॉल तैयार करना था। हालांकि प्रथम चरण में ही ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने अथक मेहनत और सामूहिक सहभागिता से 70 हजार सीड बॉल तैयार कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। कार्यक्रम की सबसे प्रेरणादायी तस्वीर तब देखने को मिली, जब छोटे-छोटे बच्चे अपने हाथों से मिट्टी और बीजों को आकार देकर सीड बॉल बनाते नजर आए। युवाओं का उत्साह, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और ग्रामीणों की एकजुटता ने पूरे अभियान को जनआंदोलन का रूप दे दिया। ग्रामवासियों ने संकल्प लिया है कि शेष लक्ष्य भी जल्द पूरा किया जाएगा और आने वाले समय में खमढोड़गी को पर्यावरण संरक्षण, जनसहभागिता और हरियाली के मॉडल ग्राम के रूप में स्थापित किया जाएगा। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त ग्राम खमढोड़गी केवल एक गांव नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी और हरियाली की नई सोच का प्रतीक बन चुका है। जिस तरह यहां छात्र, युवा, महिलाएं और ग्रामीण मिलकर प्रकृति बचाने का अभियान चला रहे हैं, वह शासन-प्रशासन और पूरे समाज के लिए प्रेरणा का विषय है। कार्यक्रम में पर्यावरण एवं विज्ञान क्षेत्र से जुड़े कई प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे और ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया।

### आश्रित ग्राम खमढोड़गी ने रचा हरियाली का इतिहास



#### शामिल अतिथिगण

मुख्य अतिथि सीड बॉल विशेषज्ञ, जगदलपुर मनीष अहीर, ग्राम सभा अध्यक्ष, सीएफआरआर खमढोड़गी अनीता मंडावी, एकता, प्यार सिंह मंडावी, छबिलाल कुंजाम, भुनेश्वर मरकाम, लखन लाल साहू, शिव कुमार कावडे एवं रजोनतीन दुग्गा, फणीश्वर साहू, बृजलाल मंडावी, प्रदीप कुमार मंडावी, नीलिमा गौतम, रमेश कुमार उईके, आत्माराम साहू, हेमंत उईके, शत्रुघ्न नेताम, बीरेन्द्र आचला, जितेन्द्र हिचामी, कमलेश कुंजाम, दीपक दुग्गा, विनिता कावडे, निक्की उसेंडी सहित ग्रामवासियों का योगदान रहा।

### सियासत : ब्लॉक कांग्रेस ने किसानों के पक्ष में सौंपा ज्ञापन

# खाद-बीज, कृषि ऋण और डीजल की समस्याओं पर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और किसानों ने तहसील कार्यालय दुर्गुकोंदल पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, रकबा शून्य दिखाकर ऋण से वंचित किसानों को पुनः कृषि कर्ज देने तथा खेती-किसानी कार्य के लिए ट्रैक्टरों हेतु पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने की मांग की गई।

किसानों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा दुर्गुकोंदल के अंतर्गत आने वाले सभी लैम्पस समितियों में किसानों की आवश्यकता के अनुसार खाद और बीज की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन नजदीक है और समय पर खाद-बीज नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो सकती है। ज्ञापन में उन किसानों की समस्या भी उठाई गई जिनका पिछले सत्र में रकबा शून्य दर्ज होने के कारण धान विक्रय नहीं हो पाया था और वे कृषि ऋण से वंचित रह गए थे। किसानों ने मांग की कि ऐसे मामलों की पुनः जांच कर रिकॉर्ड में सुधार किया जाए तथा प्रभावित किसानों को दोबारा कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाए। किसानों ने खेती-किसानी के दौरान डीजल संकट का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि दुर्गुकोंदल क्षेत्र से पेट्रोल पंप की दूरी लगभग 20 से 25 किलोमीटर होने के कारण किसानों और ट्रैक्टर चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों ने मांग की कि कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए डब्बे में कम से कम 50 लीटर डीजल देने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि खेती का कार्य बाधित न हो। किसानों ने प्रशासन से मांगों का शीघ्र समाधान करने की अपील करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो किसानों को आंदोलन और चक्काजाम जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी एवं जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा गया एवं सोमदेव कोरोटी, सुखचंद प्रजापति, सियाराम पोटाई, दीनदयाल पटेल, जय सिंह हिडको सहित किसान एवं कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दुर्गूकोंदल के कामता का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के प्रतिभाशाली छात्र कामता प्रसाद बेसरा ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी श्रेष्ठा योजना के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 1389 प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर कोदापाखा में आयोजित क्लस्टर स्तरीय सुशासन तिहार कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कामता प्रसाद बेसरा वर्तमान में माध्यमिक शाला सुखई में कक्षा आठवीं के छात्र हैं। उन्होंने सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित श्रेष्ठा योजना प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की। काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उन्हें जेपी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल, कांकेर में प्रवेश के लिए चयनित किया गया है। इस विद्यालय की वार्षिक फीस लगभग दो लाख रुपये है, जिसका पूरा खर्च भारत सरकार द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक वहन किया जाएगा। श्रेष्ठा योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण निजी शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक अभाव उनकी पढ़ाई में बाधा न बन सके। कामता दुर्गुकोंदल के पहले छात्र हैं, जिनका चयन श्रेष्ठा योजना के तहत हुआ है।

उनकी इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल रही है। सम्मान समारोह में जनपद सदस्य विकास राजू नायक, सरपंच सोमनाथ नेताम, रमशीला कोमरा, तुलसीराम मतलामे, नन्दकुमार खरे, अनूपा कोवाची, खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार सिंह डे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, जनपद पंचायत सीईओ सुरेन्द्र कुमार बंजारे, एडीओ आरडी ठाकुर, लतीफ सोम, खंड स्त्रोत समन्वयक, संकुल प्राचार्य हेमन्त कुमार श्रीवास्तव, अजय नेताम, संकुल समन्वयक रामचन्द्र दुग्गा तथा किशोर कुमार विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राचार्यों की बैठक में शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर मंथन व समन्वय पर जोर



**सरोना।** शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विकासखंड नरहरपुर के समस्त प्राचार्यों की बैठक शासकीय उमावि सरोना में हुई। इस बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता, बोर्ड परीक्षा की तैयारी तथा विद्यालयों की व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में प्राचार्यों ने शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने और आपसी समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

आयोजित बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही संगठन को मजबूत बनाने, विद्यालयों में आपसी सामंजस्य एवं सहयोग को बढ़ावा देने, संकुल स्तरीय विद्यालयों के रखरखाव तथा शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर गंभीर चर्चा हुई। विद्यालयीन समस्याओं के निराकरण और शिक्षा सारांश मासिक पत्रिका के लिए रचनाओं के आमंत्रण विषय पर भी प्राचार्यों ने अपने विचार रखे। विशेष रूप से बोर्ड परीक्षा में ब्लॉक स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने का निर्णय भी बैठक में लिया गया, जिससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा और बेहतर प्रदर्शन की भावना विकसित हो सके। आयोजित बैठक में नरहरपुर विकासखंडस्तरीय प्राचार्य फोरम का गठन किया गया जिसमें सरंक्षक रामप्रसाद नेताम शा कन्या उमावि अभनपुर, अध्यक्ष रवि प्रकाश मिश्रा, प्राचार्य शा. हाईस्कूल कुम्हानखार, उपाध्यक्ष सतीश प्रकाश नेताम , प्राचार्य शाउमावि सरोना और नोहर सिंह साहू, प्राचार्य शाउमावि नरहरपुर, सचिव देवकरण भास्कर, प्राचार्य शाउमावि बासनवाही, सहसचिव संतुराम नेताम प्राचार्य शाउमावि अमोड़ा, कोषाध्यक्ष नंद किशोर सोनी, प्राचार्य शाउमावि सुरही और मीडिया प्रभारी मीरा आर्ची चौहान, प्राचार्य हाई स्कूल करप को को नियुक्त किया गया।

आयोजित बैठक में प्रवीण पाण्डेय, डीके भास्कर, गोवर्धन रामटेके, मोरारी देवांगन, पीआर वट्टी, भावसिंह तेता, गुलाबचंद सोम, रामकमल सुकदेवे, अनुसूईया जैन, कृष्णा करायत, गिरीश साहू, चंद्रशेखर जैन, अमरचंद्र मौर्य, हृदय राम मंडावी, हरिशंकर ध्रुव, यशवंत सोनवानी, भोगराम टेकाम, जेएस नेताम सहित विकासखंड के समस्त प्राचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# परिवहन संघ ने सौंपा ज्ञापन व दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



परिवहन संघ भानुप्रतापपुर ने एक ट्रक चालक पर वाहन से कुचलने की कोशिश करने तथा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। मामले को लेकर संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

परिवहन संघ के अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींडसा और सचिव भूपेंद्र सिंह सिद्धू ने बताया कि संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दल्ली रोड पर धरना-प्रदर्शन कर रहा था। गुरुवार शाम धरना समाप्त होने के बाद जब वे सड़क पार कर रहे थे, उसी दौरान हरचरण सिंह रंधावा द्वारा वाहन से उन्हें दबाने का प्रयास किया गया और साथ ही जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। संघ की ओर से दिए गए आवेदन में घटना के प्रत्यक्षदर्शी के रूप में सुरेश सचदेव, सुशांत सिंह और टिकेंद्र सिंह के नाम भी दर्ज किए गए हैं। घटना के विरोध में परिवहन संघ के सदस्य बड़ी संख्या में थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। संघ का आरोप है कि गंभीर मामले के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे सदस्यों में नाराजगी व्याप्त है। परिवहन संघ ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो 31 मई को मुख्य चौक में चक्काजाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींडसा ने कहा कि वाहन से कुचलने की कोशिश और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। एसडीओपी शेर बहादुर ठाकुर ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। आवेदन की जांच की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बल्क कंज्यूमर डिपो से ही पेट्रोल-डीजल उठाएं

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले के डीजल, पेट्रोल बल्क कंज्यूमर की बैठक लेकर उन्हें सीधे डिपो कंज्यूमर पॉइंट से डीजल, पेट्रोल का उठाव करने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि जिले के रिटेल्स आउटलेट से आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अपर कलेक्टर द्वारा जिला खाद्य अधिकारी शांति ध्रुव की उपस्थिति में शुक्रवार को जिले के डीजल, पेट्रोल बल्क कंज्यूमर- बजरंग पॉवर एंड इस्पात हाहालद्दी, सारटेक्स मिनिरल स्टील हाहालद्दी, पुष्पा स्टील चेमल, गोदावरी स्टील कच्चे, सीएमडी माईन्स आरीडोंगरी, सड़क ठेकेदार प्रदीप वर्मा एवं रेल्वे वर्क ऑफिसर अंतागढ़ की बैठक लेकर जिले में पेट्रोल, डीजल के उपलब्धता की समीक्षा गई तथा उन्हें गत माह की भांति बल्क डिपो कंज्यूमर पॉइंट से सीधे डीजल, पेट्रोल का उठाव करने के लिए निर्देशित किया गया।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन 05 जून को

**कांकेर।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 05 जून को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विशेष ग्राम सभा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में चर्चा कर संकल्प पारित किया जाए और साथ ही इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनुवादित प्रति का वाचन कर जानकारी दी जाए। विशेष ग्राम सभा ग्राम पंचायत विकास योजना 2026-27 के लिए 09 थीम अनुसार संकल्प भी पारित किया जाए। पीएआई 2.0 स्कोर कार्ड ग्राम पंचायतों में चस्पा कर उसका वाचन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप में अपलोड किया जाए। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ग्राम सभाओं की कार्यवाही का एआई आधारित कार्यवाही विवरण तैयार करने के लिए नवीन पोर्टल सभासार बनाया गया है। सभी ग्राम पंचायतों में इस पोर्टल का उपयोग करते हुए कार्यवाही विवरण तैयार किया जाए।

### पेयजल, सड़क, आवास और राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण की मांग

# धनेशरा क्लस्टर शिविर में ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



कांकेर जिले के जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेशरा में मंगलवार को छह ग्राम पंचायतों का संयुक्त क्लस्टर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में धनेशरा, देवरी, मानिकपुर, भैसमुड़ी, अभनपुर एवं गंवरसिली पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना रहा।

क्लस्टर शिविर के दौरान विभिन्न पंचायतों से आए ग्रामीणों ने राजस्व, पेयजल, सड़क, आवास, पेंशन और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने मांग की कि शिविर के माध्यम से समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में पूर्व सरपंच सुरेंद्र नेताम ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा गांव-गांव में शिविर लगाने का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करना है, लेकिन कई मामलों में आवेदन लेने के बाद भी ग्रामीणों को तहसील कार्यालय बुलाया जाता है। उन्होंने मांग की कि शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारी मौके पर ही समस्याओं का समाधान करें। उनके वक्तव्य का कई ग्रामीणों ने समर्थन किया। उपसरपंच वीरेंद्र साहू ने क्षेत्र में पेयजल संकट का मुद्दा उठाते हुए बताया कि पानी टंकी निर्माण के बाद से तकनीकी खराबी के कारण टंकी में पानी नहीं चढ़ पा रहा है। इससे नल-जल योजना प्रभावित हो गई है और अधिकांश घरों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने संबंधित विभाग से तत्काल तकनीकी जांच कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, सरपंच एनबती कोर्राम, जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुकदेव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैंयी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि: स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411